कार्यालय:– मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट दौसा, जिला दौसा (राज.)

क्रमांकः 32 दिनाँकः 18-4-24

//रिमाण्ड ड्यूटी बाबत् कार्यालय आदेश//

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के नोटिफिकेशन क्रमांकः 04/ई.वी./2024 दिनांक 16.04.2024 एवं माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, दौसा जिला–दौसा के आदेश क्रमांक स्था./2024/106 दिनाँक 16.04.2024 द्वारा लोकसभा चुनाव, 2024 में न्यायक्षेत्र में घोषित मतदान दिवस 19.04.2024 को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

उक्त आदेश की पालना में सम्पूर्ण दौसा जिला न्यायक्षेत्र के समस्त थानों की सीमा में उत्पन्न होने वाले आवश्यक फौजदारी कार्य(जैसे कि न्यायिक अभिरक्षा, रिमाण्ड, पुलिस अभिरक्षा, रिमाण्ड, मृत्युकालीन कथन, जमानत प्रार्थना–पत्र एवं अन्य आवश्यक कार्य) की सुनवाई हेतु **शशि, आर.जे.एस. अतिरिक्त न्यायिक मजिस्ट्रेट, बांदीकुई दौसा, जिला–दौसा को दिनांकः 19.04.2024(शुक्रवार)** को रिमाण्ड ड्यूटी संबंधी उक्त कार्य हेतु अधिकृत किया जाता है।

निर्देशः–01– अवकाश के दिन न्यायालय में बैठने का समय 10.30 ए.एम. से 01.00 पी.एम. तक रहेगा। कोविड–19 संबंधी समस्त गाइड लाइन की पालना कर्तव्य निष्पादन में सुनिश्चित की जावेगी।

02–विशेष परिस्थितियों में मुलजिम को निवास पर पेश करते समय निवास स्थान में प्रवेश न कराकर बाहर रखा जावे तथा मुलजिम को पेश करने वाला अधिकारी सम्बन्धित रिमाण्ड ड्यूटी मजिस्ट्रेट के निर्देशानुसार कार्यवाही करें।

03–अधिकृत किए गए पीठासीन अधिकारी नियत तिथि के पूर्ववर्ती कार्यदिवस के कार्यालय समय पश्चात् से पश्चातवर्ती कार्य दिवस को कार्यालय समय पूर्व तक कार्य सम्पादित करेंगे।

04–यदि किसी कारण से निर्धारित तिथि के ठीक पश्चातवर्ती दिवस का राजकीय अवकाश घोषित हो जाता है तो वही पीठासीन अधिकारी उक्त कार्य करेंगे जो राजकीय अवकाश घोषित होने से पूर्व निर्धारित दिवस के लिए नियत किये गये थे।

05–नियत किये गये दिवस को यदि किसी आकस्मिक घटना या अपरिहार्य कारणों से अधिकृत अधिकारी को ड्यूटी करने में असुविधा है तो वे **किसी अन्य अधिकारी की लिखित सहमति प्राप्त कर इस कार्यालय को सूचित करेंगे तथा इस कार्यालय द्वारा संशोधित आदेश पारित होने के पश्चात् ही नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर मुख्यालय परित्याग करेंगे।**

sd

(स्नेहा जाखड़)

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,

दौसा, जिला–दौसा (राज.)

क्रमांकः– 941 **दिनाँकः–** 18-4-24

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित हैः–

01– माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, दौसा

02– श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, दौसा वास्ते सूचित करने समस्त आरक्षी केन्द्र

03– सम्बन्धित अधिकारी सर्व श्री ....

04– प्रोटोकॉल अधिकारी, जिला न्यायालय दौसा

05– लोक अभियोजक, जिला न्यायालय दौसा

06– अध्यक्ष/सचिव बार एसोसिएशन, न्यायालय परिसर दौसा

07– उप– निदेशक, अभियोजन विभाग दौसा

08– प्रभारी अधिकारी, पुलिस कंट्रोल रूम दौसा

09– जिला कारागृह दौसा

10–श्रीमान सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दौसा

11– सिस्टम ऑफीसर जिला न्यायालय दौसा सभी पीठासीन अधिकारियों एवं न्यायालय को मेल करें तथा जिला न्यायालय दौसा की बेवसाईट पर इस आदेश को अपलोड करे।

12– आदेश पत्रावली/नोटिस बोर्ड

(स्नेहा जाखड़)
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट,
दौसा, जिला–दौसा (राज.)